# EXPRESS PROJECTS (P) LTD

**_Regd. Office :_**
810, Surya Kiran Building,
19, Kasturba Gandhi Marg,
Connaught Place, New Delhi - 110001
Tel.: 2375 2430
CIN NO. U45102DL2000PTC104550

दिनांकः 23-10-2020

सेवा में,

श्रीमान तकनीकी सलाहकार,
उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण,
नवीन भवन, राज्य नियोजन संस्थान,
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदाराबाद,
लखनऊ–226007

**विषय : उ0प्र0 भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (उ0प्र0 रेरा) में परियोजना Express Astra (Phase-1) जनपद Gautam Buddha Nagar आवेदन आई0डी0 न0 ID149146, के उ0 प्र0 रेरा में पंजीयन के संबंध में।**

महोदय,

आपके नोटिस पत्रांक 8853 / यू0पी0–रेरा / परि0पंजी0 / 2020–21 दिनांक 16.10.2020 के क्रम में दिनांक 19.10.2020 को उक्त पंजीयन के विषय में आपसे हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक का संदर्भ लेते हुए, आपको अवगत कराना है कि, उपरोक्त नोटिस में इंगित कमियां निम्न प्रकार दूर कर दी गई हैं।

1. Details of Apartment/Flat/Shop/Plot के विवरण के संबंध में आपको वीडियो कान्फ्रेंसिंग के समय प्रमोटर द्वारा स्पष्टीकरण दे दिया गया था। उक्त के विषय में आपको अवगत कराना है कि, सक्षम प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (GNIDA) द्वारा निर्माण हेतु स्वीकृत मानचित्रों में नियमानुसार आवासीय यूनिट के साथ–साथ टावर A,B,C,D में भू–तल पर कॉमर्शियल शॉप का निर्माण भी स्वीकृत किया गया है, जोकि स्वीकृत मानचित्र संख्या A-10, A-11, A-12 हैं। (छायाप्रति संलग्न) इसके अतिरिक्त नियमानुसार शेष बचे कॉमर्शियल शॉप के भाग को शेष बचे भू–भाग में स्वीकृत किया गया है। इस प्रकार कुल स्वीकृत कॉमर्शियल शॉप की संख्या उक्त परियोजना के अंतर्गत 85 है। उक्त विवरण सक्षम प्राधिकरण (GNIDA) द्वारा स्वीकृत मानचित्र संख्या A-22 जोकि यूपी रेरा पोर्टल पर पूर्व में अपलोड़ किया जा चुका है के विवरण अनुसार अंकित किया गया है। इस बिन्दु की स्पष्टता के लिए यहां यह कहना प्रासांगिक है कि, उपरोक्त वर्णित मानचित्र संख्या A-10, A-11, A-12 में कॉमर्शियल शॉप का विवरण टावर अनुसार दिया गया है तथा मानचित्र संख्या A-22 में इन सभी टावर की कॉमर्शियल शॉप को व शेष बची कॉमर्शियल शॉपस को सम्मलित करते हुए कुल 85 कॉमर्शियल शॉप को संयुक्त रूप से प्रदर्शित किया गया है जोकि सक्षम प्राधिकरण से विधिवत

FOR EXPRESS PROJECTS PVT. LTD.

Director



e-mail : contact@expressbuildersltd.com • website : www.expressbuildersltd.com

स्वीकृत है। उपरोक्त स्पष्टीकरण के क्रम, में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 19.10.2020 को हुई वार्ता में प्रमोटर द्वारा यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि, प्रमोटर अब टावर–बी, की कॉमर्शियल शॉपस, जिसका विवरण टावर बी के सापेक्ष यूपी रेरा पोर्टल पर अपलोड किया गया है, का निर्माण नहीं करेगा। इस प्रकार वर्तमान में प्रमोटर द्वारा टावर–बी के निर्माण को सम्पूर्ण रूप से स्थगित कर दिया गया है। तत्क्रम में प्रमोटर टावर–बी के सापेक्ष यूपी रेरा पोर्टल पर अपलोड की गई इनवेंट्री (Inventory) को एडिट करते हुए, हटाना चाहता है।

अतः आपसे निवेदन है कि, उक्त इन्वेंट्री (Inventory) हटाये जाने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें, जिससे उक्त इन्वेंट्री (Inventory) को पोर्टल से प्रमोटर द्वारा हटाया जा सके। इसी क्रम में आपसे यह भी निवेदन है, कि कृप्या टावर बी के सापेक्ष यूपी रेरा पोर्टल पर प्रमोटर द्वारा अपलोड़ किए गए Physical Targets को भी उक्त अनुसार संशोधित करने की कृपा करें।

2. परियोजना के बैंक एकाउंट के विषय में दिनांक 19.10.2020 को हुई वीडियो वार्ता के क्रम में, प्रमोटर द्वारा परियोजना के जिला गौतमबुद्धनगर में स्थित होने के कारण परियोजना का बैंक एकाउंट संख्या 50200051969039 एचडीएफसी बैंक, एच–1, ए–12, सेक्टर–63, नोएडा शाखा में खोल लिया गया है। उक्त बैंक एकाउंट का विवरण यूपी रेरा पोर्टल पर संशोधित करते हुए अंकित किया जाना अनिवार्य है। अतः आपसे निवेदन है कि, कृप्या यूपी रेरा पोर्टल पर विषयक परियोजना का बैंक एकाउंट एडिट किये जाने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि पूर्व अंकित बैंक एकाउंट के विवरण को संशोधित कर जिला गौतमबुद्धनगर में प्रमोटर द्वारा खोले गये परियोजना के वर्तमान बैंक एकाउंट का विवरण अंकित किया जा सके।

उपरोक्त सूचना, आपसे दिनांक 19.10.2020 को हुई वीडियो वार्ता के क्रम में प्रेषित की जा रही है। उपरोक्त स्पष्टीकरण से आपके पत्र दिनांकित 16.10.2020 में इंगित परियोजना की कमियों का निराकरण करते हुए आपसे निवेदन है कि, कृप्या परियोजना का पंजीयन जारी करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

FOR EXPRESS PROJECTS PVT. LTD.

(पंकज गोयल) Director

(निदेशक)

Mobile No.- 9312632920

Email id- astra@expressbuildersltd.com